(घ) लहसुन और प्याज का निर्यात

(मात्रा : मीटरी टन में)

	1987–88	1988–89	1989–90
प्याज	130391	215830	360227
लहसुन	188	—	228
जल रहित प्याज	700	896	1182
जल रहित लहसुन-चूर्ण तथा पत्रक	44.5	—	279.2

(ङ) राज्यो में इन वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए निम्नलिखित योजनाओं को क्रियान्वित किया जाना प्रस्तावित किया गया है :

(1) सर्वेक्षणों, व्यवहार्यता, परामर्शदात्री और आंकड़ों पर आधारित योजना।

(2) अवसंरचना और सेवाओं के विकास की योजना।

(3) पैकेजिंग विकास की योजना।

(4) व्यापार और उद्योग के सामान्य लाभ के लिए अनुसंधान संस्थानों के माध्यम से ए. पी. ई. डी. ए. द्वारा संगत अनुसंधान के सृजन और विकास की योजना।

(5) संगठन बनाने, मानव संसाधन विकास तथा प्रशिक्षण तथा आंकड़ों के आधार के लिए योजना।

वैगनों के उत्पादन में गिरावट

2030. **श्री बलराम सिंह यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पहिये मिलने में कठिनाई होने के कारण पिछले महीनों में देश में वैगनों के उत्पादन-दर में गिरावट आयी है ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) पहिये उपलब्ध कराने में होने वाली कठिनाई के क्या कारण हैं ; और

(घ) इन मदों के उपलब्ध होने में कठिनाई के कारण उत्पादन में कितनी कमी होने का अनुमान है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री अजय सिंह) : (क) और (ख) अप्रैल से जुलाई 90 के दौरान माल डिब्बों के उत्पादन में कुछ गिरावट आयी है क्योंकि वास्तविक उत्पादन 5466.5 चौपहिया माल डिब्बों का हुआ है जबकि लक्ष्य लगभग 7000 चौपहिया माल डिब्बों का रखा गया था।

(ग) गिरावट मुख्यत: पहिया सेटों के आयात के लिए विलम्ब से विदेशी मुद्रा उपलब्ध कराने के कारण आई है।

(घ) कोई नहीं। जुलाई, 90 तक माल डिब्बों के उत्पादन में गिरावट केवल अस्थाई घटना है और 1990–91 की शेष अवधि में सुधार होने की आशा है क्योंकि अगस्त, 90 के मध्य से आयातित पहिया सैटों के पहुंचने से सितम्बर, 90 से पहिया सैटों की उपलब्धता में सुधार हो जाने की प्रत्याशा है।